# रणजीत टाइम्स

वर्ष : 1, अंक: 137 इंदौर, बुधवार 28 मई 2025

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

DIGITAL EDITION


# नए युग में प्रवेश इंदौर करेगा

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देंगे इंदौर को मेट्रो की सौग़ात



### इंदौर मेट्रो की खास बातें

- वातानुकूलित, प्रदूषण रहित आधुनिक कोच।
- एक ट्रेन की यात्री क्षमता : लगभग 980 यात्री।
- सभी स्टेशनों पर लिफ्ट, एस्केलेटर।
- दिव्यांगजनों के लिए ब्रेल लिपि और स्पर्शनीय टाइलें।
- सभी स्टेशन व डिपो पर CCTV कैमरे और अग्निशमन उपकरण।
- यात्रियों की सुरक्षा हेतु आपातकालीन बटन और इंटरकॉम ।
- दृष्टिहीन यात्रियों के लिए ऑडियो अनाउंसमेंट प्रणाली।
- व्हीलचेयर, बैठने की सुविधा, शौचालय, पीने का पानी।
- QR आधारित टिकटिंग, AI ट्रैकिंग, कंट्रोल सेंटर।



**रणजीत टाइम्स -अनिल चौधरी**

भारत का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर एक नये युग में प्रवेश करने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई 2025 को वर्चुअली इंदौर मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर यात्री सेवा का शुभारंभ करेंगे। यह लगभग 6 किलोमीटर का हिस्सा येलो लाइन का सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर है, जिसमें पाँच स्टेशन - गांधीनगर स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 6 स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 5 स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 4 स्टेशन और सुपर कॉरिडोर 3 स्टेशन शामिल हैं। यह कॉरिडोर ट्रैफिक और प्रदूषण कम करेगा, साथ ही यात्रियों को आरामदायक सफर प्रदान करेगा। यह सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इंदौर की आधुनिकता की ओर बढ़ती दिशा का प्रतीक भी है।

कलेक्टर आशीष सिंह ने आज गांधी नगर मेट्रो स्टेशन का दौरा कर लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। इंदौर में मेट्रो ट्रेन की शुरुआत इसी स्टेशन से होगी। इस दौरान नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा और मेट्रो के अधिकारीगण भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि इंदौर में कुल 31.32 किलोमीटर लंबी (22.62 किमी एलिवेटेड एवं 8.7 किमी भूमिगत) इस मेट्रो की येलो लाइन पर 28 स्टेशन होंगे, जो शहरी यात्रा को आसान, तेज, और पर्यावरण के अनुकूल बनाएंगे। मेट्रो के 31.32 किलोमीटर के सम्पूर्ण प्रोजेक्ट की लागत लगभग 7500 करोड़ रूपये है। प्रारंभिक तौर पर 6 किलोमीटर के कॉरिडोर का उद्घाटन होना है जिसकी लागत लगभग 1520 करोड़ रूपये है।



यह परियोजना इंदौर को एक आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल शहर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# परिवार की आधार महिलाओं को चिंता व तनाव से मुक्त रखता है सहजयोग



साधारणतया हम देखते हैं कि किसी भी परिवार में महिलाएं अधिक चिंतित व परेशान रहती हैं। उनका स्वभाव अत्यंत कोमल होता है तथा उनका ध्यान परिवार के सभी सदस्यों पर होता है तथा सभी के लिए उनमें प्रेम का समावेश होता है। अतः वे हर समय उनके भले के लिए, उनके विकास के लिए, उनके खानपान के लिए, उनके स्वास्थ्य के लिए परेशान रहती हैं।

चिन्ता और निश्चिन्तता हम मानवों की दो विपरीत स्थितियां हैं। जब मानव-चेतना मन के आधीन होती है तो मानव चिंतित होता है क्योंकि मन के भीतर वर्तमान जीवन के लिए कोई समाधान नहीं होता। और जब हमारी चेतना, निश, यानि कि नि=सहस्त्रार की शक्ति, श=शरण में जाती है तभी तो 'निश्चिंतता' घटित होती है। सहजयोग ध्यान में इन चिंताओं का समाधान अत्यंत सहज तरीके से हो जाता है। स्वयं श्री माताजी निर्मला देवी जी ने आशीर्वादित किया है कि- .एक बार जब आप सहज योग में आ जाते हैं, तो आप परमात्मा के साथ एक हो जाते हैं। शक्ति तुम्हारे भीतर से बहने लगती है और तुम दीप्तिमान हो जाते हो। आप बहुत छोटे हो जाते हैं। आप अधिक स्वस्थ दिखने लगते हैं और आपका स्वभाव बहुत खुश और हंसमुख हो जाता है। तब आप चिंता न करें क्योंकि यहां (सहस्त्रार में) एक छेद है और सारी चिंताएं उस छेद से होकर गुजरती हैं। आप चिंता नहीं कर सकते। आप चाहें तो भी चिंता नहीं कर सकते।"

दरअसल हमारी चिंताएं हमारे मस्तिष्क पर निवास करती है और जब हम श्री माताजी के आगे सिर झुकाकर प्रणाम करते हैं तो वो चिंताएं हमारे मस्तिष्क से गिर कर श्री माताजी के श्री चरणों में पहुंच जाती हैं। और हम चिंताओ के बोझ से मुक्त हो जाते हैं। अपने जीवन को चिंता मुक्त बना कर जीवन का आनंद प्राप्त करने के लिए अपना आत्म साक्षात्कार प्राप्त कर सहजयोग ध्यान का अनुभव प्राप्त करें। कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने हेतु sahajayoga.org.in और टोल फ्री नम्बर 18002700800 पर सम्पर्क करें।

# गर्मी की तपिश में भी नहीं रुकी आस्था की धुनि

## शिवपुरी शहर के पास करबला छेत्र के नोन कोलू पुलिया के पास गोरखनाथ मंदिर में योगी दयानाथ द्वारा किया जा रहा पंचधुनी तप साधना

**ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी के नजदीक झांसी रोड स्थित नोन कोलू पुलिया के पास गोरखनाथ मंदिर की स्थापना हिमाचल प्रदेश से पधारे नाथ संप्रदाय के परम योगी दयानाथ जी द्वारा की गई है। यह मंदिर नाथ परंपरा की साधना, सेवा और संयम की जीवंत मिसाल बन चुका है। आज 40 डिग्री तापमान की भीषण गर्मी में भी योगी दयानाथ जी ने पंचधुनी तप साधना कर पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया।



पंचधुनी तप में चारों ओर जलती अग्नि और बीच में साधक तप करता है यह नाथ परंपरा की कठिनतम साधनाओं में से एक मानी जाती है, जिसे आज उन्होंने पूर्ण श्रद्धा और समर्पण से संपन्न किया। स्थानीय श्रद्धालुओं और भक्तों ने इस दिव्य दृश्य को देखकर भाव-विभोर होकर साधना के महत्व को अनुभव किया। मंदिर निर्माण के साथ-साथ इस प्रकार की साधनाएं क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरण का संदेश दे रही हैं।

## लायंस क्लब इंटरनेशनल मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट का आठवां वार्षिक एमडी 3233 कन्वेंशन जुनून गत दिनों जोधपुर में संपन्न हुआ



**आशीष शर्मा**

सनावद- लायंस क्लब इंटरनेशनल मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट का आठवां वार्षिक एमडी 3233 कन्वेंशन जुनून गत दिनों जोधपुर में संपन्न हुआ। कन्वेंशन में राष्ट्रीय संत पूज्यश्री चंद्रप्रभ सागर जी महाराज एवं मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत उपस्थित थे।विशेष अतिथि राजस्थान के वित्त सचिव नवीन जैन एवं सिक्किम हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस एनके जैन थे। कन्वेंशन का आयोजन क्लब के मल्टीपल काउंसिल के चेयरमैन संजीव जैन,गेट एरिया वाइस लीडर डॉ.कुलभूषण मित्तल,डिस्ट्रिक्ट गवर्नर योगेंद्र रूनवाल,मल्टीपल काउंसिल सेक्रेटरी यश शर्मा ने डिस्ट्रिक्ट जीईटी कॉर्डिनेटर अनिता भागचंद जैन को 12 नवीन क्लब खोलने के उपलक्ष्य में मल्टीपल अवार्ड से सम्मानित किया। संतश्री ने शुक्राना,मुस्कुराना और दूसरों के काम आना का संदेश दिया। अनिता जैन की उपलब्धि पर डीजी अनिल खंडेलवाल,प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी,पीडीजी डॉ.ईश्वर मूंदड़ा,द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राम जाट, पीडीजी रमेश काबरा पीडीजी डॉ.जवाहर बियाणी,पीडीजी सतीश भल्ला,पीडीजी रश्मि गुप्ता,पीडीजी शरद मेहता,पीडीजी राजेंद्र गर्ग,पीडीजी एसपी नामदेव,ला. भागचंद जैन ने हर्ष व्यक्त किया है।

# पुलिस थाना मण्डलेश्वर को मिला ISO प्रमाण पत्र

**पुलिस थाना मण्डलेश्वर पर आयोजित किया ISO अवॉर्ड समारोह अंतराष्ट्रीय मानक स्तर पर अच्छा रखरखाव, जनसामान्य तथा पुलिस कर्मचारियों के लिए उच्च स्तर की बैठक व्यवस्था, जनसुनवाई एवं सुलभ व्यवस्थाओं में अव्वल होने पर मिलता है ISO प्रमाण पत्र**



**दीपक तोमर**

मंडलेश्वर इंटरनेशनल ऑर्गेनाइज़ेशन फ़ॉर स्टैंडर्डाइजेशन अर्थात अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन द्वारा विश्व की किसी भी संस्था में उच्च स्तर के कागजातों के रखरखाव, उच्च स्तर का समन्वय, उच्च स्तर की सुविधा एवं व्यवस्थाएं, सहित कर्मचारी एवं जन सामान्य के लिए उच्च स्तर की सुनवाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए ISO प्रमाण पत्र दिया जाता है। थानों पर ISO प्रमाण पत्र उच्च गुणवत्ता व रिकार्ड रखरखाव व थाना परिसर की साफ सफाई, प्राप्त जनशिकायतों का निर्धारित समय पर निराकरण, अपराधियों को पकडने मे तत्परता और सतर्कता, दुर्घटना या आपराधिक प्रकरण पर रिस्पांस और समय पर घटना स्थल पर पहुंचने से लेकर थानों के रिकार्ड और दस्तावेज कम्प्यूटराइज्ड होने आदि मानकों पर खरा उतारने पर प्रदाय किया जाता है। इसी क्रम मे थाना मण्डलेश्वर को ISO अवॉर्ड समारोह आयोजित कर प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। मंगलवार को आयोजित समारोह मे विशेष अतिथि माननीय विधायक विधानसभा महेश्वर राजकुमार मेव, पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना, एसडीओपी मण्डलेश्वर श्री मनोहर गवली, जनप्रतिनिधि सतीश मोयदे,मंडल अध्यक्ष डॉ देवेंद्र पाटीदार ,नगर पालिका अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे, ISO कंसलटेंट जितेंद्र खंडेलवाल, थाना प्रभारी महेश्वर जगदीश गोयल, थाना प्रभारी बलकवाडा रितेश यादव, अन्य जनप्रतिनिधि व थाने के स्टाफ की उपस्थिति मे थाना प्रभारी मण्डलेश्वर उनि दीपक यादव को ISO प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया है।

## काजल धनावत ने बीटेक आईटी सेक्टर में 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इंजीनियर की उपाधि प्राप्त कर मीणा समाज का गौरव बढ़ाया

**रंजीत टाइम्स**

इंदौर-महू- जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत की बेटी काजल धनावत ने बीटेक आईटी सेक्टर में 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इंजीनियर की उपाधि प्राप्त कर मीणा समाज का गौरव बढ़ाया। काजल धनावत ने इंदौर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टैकनोलॉजी कालेज में अध्ययन किया काजल गांव भिचौली में निवास करती हैं और अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने स्वर्गीय दादाजी जादवसिंह धनावत को दिया जिनकी प्रेरणा और प्रोत्साहन से यहां तक पहुंचकर गांव व समाज का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक अजयसिंह राहुल भैया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व विधायक खातेगांव गणपत पटेल, मीणा समाज प्रदेश





Rajiv Gandhi Proudyogiki Vishwavidyalaya, Bhopal

Statement of Marks - June-2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| Name | KAJAL DHANAWAT | Roll No. | 0818IT211021 |
| Course | B.Tech | Branch | IT |
| Semester | 8 | Status | Regular |

| Subject | Total Credit | Earned Credit | Grade |
|---|---|---|---|
| IT801- [T] | 3 | 3 | B+ |
| IT802- [T] | 4 | 4 | B |
| IT803- [T] | 3 | 3 | B+ |
| IT801- [P] | 1 | 1 | A+ |
| IT804- [P] | 3 | 3 | A+ |
| IT805- [P] | 4 | 4 | A+ |

| Result Des. | SGPA | CGPA |
|---|---|---|
| PASS | 8.67 | 8.61 |

| Revaluation Date | Revaluation Date with Late Fee | Division |
|---|---|---|
| 31/05/2025 | 02/06/2025 | First Division With Honours |

Data Source : Rajiv Gandhi Proudyogiki Vishwavidyalaya, Bhopal

Disclaimer : The data belongs to RGPV,Bhopal. For any communication related to the published data, please contact examination cell of RGPV or respective College.



अध्यक्ष रामनिवास रावत, पूर्व विधायक महू अंतरसिंह दरबार, सेवादल प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव, कॉलेज डायरेक्टर अरुण भटनागर, जिला पंचायत सदस्य कन्हैयालाल ठाकुरजी, पूर्व न्यायाधीश लालाराम मीणा, पूर्व आरटीओ जगदीश मीणा,दिनेश कामदार, प्रोफेसर सुभाष कामदार, रामेश्वर पटेल, कैलाशदत्त पांडे, मुजीब कुरैशी, मृणाल पंत, मोहन अग्रवाल, अशोक सैनी, जीतू ठाकुर, शक्तिसिंह गोयल, विजेंद्रसिंह चौहान, माधवसिंह धनावत,उमरावसिंह धनावत, दौलतसिंह मीणा, घनश्याम यादव, करणसिंह धनावत, दिलीप कामदार , कमल चौधरी, गजेंद्रसिंह राठौर, चेतन चांदा, लोकेश धनावत इत्यादि सैकड़ो जनो ने बधाई दी।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 28 मई बुधवार को देवास जिले के हाटपीपल्या में होगा आगमन

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव हाटपीपल्या में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे

**संजय प्रेम जोशी**

देवास मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव



दिनांक 28 मई 2025 बुधवार को देवास जिले के नगर हाटपीपल्या में आएंगे। प्राप्त भ्रमण कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव 28 मई को सायं 4.25 बजे हाटपीपल्या आगमन होगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री जी तिरंगा यात्रा एवं कलश यात्रा में सम्मिलित होंगे। इसके पश्चात मुख्य कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे तथा आमजन को संबोधित करेंगे।

# हिंदू लड़कियों को फँसाने वाला गैंग SIT की जाँच में बेनकाब, 64 अश्लील वीडियो और धर्मांतरण की साजिश का खुलासा



**राजेश धाकड़**

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें कथित तौर पर एक मुस्लिम गैंग द्वारा हिंदू लड़कियों को प्रेमजाल में फँसाकर उनका यौन शोषण, ब्लैकमेलिंग और धर्मांतरण कराने का खुलासा हुआ है। मामले की जाँच कर रही SIT ने गैंग के सरगना फरहान के मोबाइल फोन से 64 अश्लील वीडियो बरामद किए हैं, जिनमें से 58 वीडियो एक ही कॉलेज – TIT कॉलेज – की छात्राओं के बताए जा रहे हैं।

### गैंग में बहन की भूमिका भी उजागर

रिपोर्ट्स के अनुसार, फरहान की बहन जोया भी इस पूरे गैंग का हिस्सा थी। वह लड़कियों को अपने भाई और उसके साथियों के लिए फँसाने का काम करती थी। जब कोई लड़की बातचीत बंद कर देती थी, तो जोया खुद उसे धमकी देती थी कि वह उसका वीडियो वायरल कर देगी। एक ऑडियो क्लिप में जोया कहती सुनाई दी – "भाई (फरहान) बाद में करेगा, मैं पहले वायरल करूँगी तेरा वीडियो।"

### कलमा पढ़वाना और रोजे रखने के लिए मानसिक दबाव

SIT की रिपोर्ट बताती है कि फरहान और उसके साथी लड़कियों को कलमा पढ़वाते थे और उन्हें इस्लामिक विचारधारा से प्रभावित करने की कोशिश करते थे। वे उन्हें रोजा रखने, इस्लाम की दुआओं की ताकत, और हिंदू धर्म के खिलाफ बातें करते हुए मानसिक रूप से ब्रेनवॉश करते थे।

### ट्रेडिंग और आर्थिक शोषण

जाँच में यह भी खुलासा हुआ है कि फरहान ने दो लड़कियों के बैंक खातों से शेयर मार्केट में लेन-देन किया। कुल 15 लाख से अधिक का लेन-देन इन खातों से हुआ। वहीं फरहान के निजी खातों में 50 लाख तक का लेनदेन मिला है। माना जा रहा है कि यह रकम लड़कियों को फँसाने और ब्लैकमेल करने जैसे कार्यों में खर्च की जाती थी।

### फरहान का कबूलनामा

पुलिस पूछताछ में फरहान ने कबूला कि उसे अपने कृत्यों पर कोई पछतावा नहीं है। उसने कहा कि वह इसे 'सवाब' का काम मानता है और इसे इस्लाम के नजरिए से सही ठहराता है।

### पुलिस की कार्रवाई जारी


अब तक इस मामले में फरहान समेत पाँच आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जबकि एक अब भी फरार है। SIT और पुलिस मिलकर उसे पकड़ने के प्रयास कर रही है।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर में कार्यक्रम आयोजित किया गया



**दीपक तोमर**


मंडलेश्वर।लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर त्रिशताब्दी जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में अकादमिक संचालक संजय गर्ग और वरिष्ठ प्राध्यापक हरिवल्लभ शास्त्री द्वारा माता अहिल्या के चित्र का पूजन व पुष्पहार अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर महाविद्यालय संचालक बी.एम. पाटीदार द्वारा सभी को लोकमाता के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष की शुभकामना दी। एकेडमिक डायरेक्टर संजय गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के पुनीत कार्यों से समाज के सभी वर्गों को बहुत बड़ी सीख मिलती है कि सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की भावना को कैसे कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनसामान्य तक निस्वार्थ भाव से सफल रूप से पहुंचाया जा सकता है। इस अवसर पर प्रो.हरिवल्लभ शास्त्री ने बताया कि 300 वीं जन्म शताब्दी समारोह प्रशासन की पहल पर प्रमुख रूप से सभी प्रतिष्ठित संस्थानों में मनाया जा रहा है, महाविद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में भी भाग लिया। निमाड़–मालवा प्रांत और विशेषरूप से महेश्वर के लिए लोकमाता अहिल्या बाई की विशेष पहचान सदैव से अद्वीतीय और अतुल्यनीय रही है। कंप्यूटर विभाग से प्रो. शशांक शुक्ला ने कहा कि बच्चों को सर्वांगीण विकास के लिए अपने इतिहास के महापुरुषों और विभूतियों से परिचित होने के लिए संपूर्ण अवसर उपलब्ध कराना महाविद्यालय की प्राथमिकता में रहता है। इस अवसर पर कार्यक्रम में महाविद्यालय कॉर्डिनेटर प्रीतेश पाटीदार, धर्मेंद्र पाटीदार, प्रो. राजेंद्र पाटीदार, प्रो. मुरलीधर कर्मा, प्रो. शिवपालसिंह पटेल, प्रो. अंकित चोरे, प्रो. पूजा सोलंकी , प्रो. रितु साहू, प्रो. पूजा कुमारवत, प्रो. सुरभि बड़ोले, प्रो. नितिन यादव, प्रो. धर्मेद यादव, प्रो. अंजलि बड़ोले, प्रो दिव्या दसौंधी , प्रो. पवन जोनवाल एवं सहयोगी कमलेश पाटीदार, अजय गीते, लोकेश पाटीदार, राहुल शर्मा, राजेश पटेल के साथ सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# भारत का जल संकट

## आंकड़ों और समाधान के साथ गहरी पड़ताल

गोपाल गावंडे
मुख्य संपादक, रणजीत टाइम्स





भारत आज उस मोड़ पर खड़ा है जहाँ जल संकट केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक अस्तित्व का सवाल बन चुका है। चाहे सिमरोल, चोरल, खंडवा, बड़वाह, महेश्वर हो या ओंकारेश्वर — हर क्षेत्र पानी की गिरती सतह और घटते स्रोतों से जूझ रहा है। आइए, 28 मई 2025 के संदर्भ में इस संकट को गहराई से समझें।

1. ताज़ा स्थिति — 2025 के आंकड़े

**भूजल स्तर-** Ministry of Jal Shakti की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के 60% जिले भूजल संकटग्रस्त हैं। विशेष रूप से दिल्ली, चेन्नई, बैंगलोर, हैदराबाद जैसे शहरों में अनुमान लगाया गया है कि 2030 तक वहाँ भूजल खतरनाक स्तर तक गिर सकता है, अगर अभी से कदम न उठाए गए।

**कृषि क्षेत्र में संकट-** देश के 54% किसान जल संकट की वजह से अपनी फसलें खोने या खेती छोड़ने की कगार पर हैं। रिपोर्ट बताती है कि 2025 तक देश की 40% कृषि भूमि में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं बचा।

**शहरी मांग-** 2025 में भारत के शहरी इलाकों में पानी की मांग 250 बिलियन क्यूबिक मीटर (BCM) से अधिक हो गई है, जबकि उपलब्धता सिर्फ 150 BCM है।

**2. बारिश — बेकार जाती अमूल्य वर्षा-** भारत में औसतन 1170 मिमी बारिश होती है, जो दुनिया के औसत से ज्यादा है। फिर भी, देश इसका सिर्फ 8–10% ही संरक्षित कर पाता है। अगर वर्षा जल संचयन हर स्तर पर लागू किया जाए, तो सालाना 1.2 ट्रिलियन लीटर अतिरिक्त पानी इकट्ठा किया जा सकता है — जो पूरे दिल्ली और मुंबई की सालाना जरूरत पूरी करने के लिए पर्याप्त होगा।

**3. पानी की बर्बादी का गणित-** शहरी इलाकों में: हर व्यक्ति रोज़ाना औसतन 135–150 लीटर पानी इस्तेमाल करता है, जिसमें से 40–50% सीधे नालियों में चला जाता है।

कृषि में: परंपरागत सिंचाई (बाढ़ सिंचाई) से 30–40% पानी व्यर्थ बहता है, जबकि ड्रिप सिंचाई से यह बच सकता है।

4. समाधान — आंकड़ों के साथ रोडमैप- घरों में:- वर्षा जल संचयन से हर घर सालाना 50,000–60,000 लीटर पानी संरक्षित कर सकता है। लीक हो रहे नल और पाइप सुधारने से रोज़ाना 20–30 लीटर पानी की बचत संभव है।

**कृषि में:-** देश में ड्रिप/स्प्रिंकलर सिंचाई केवल 7–10% हिस्से में लागू है। अगर इसे 50% तक बढ़ाया जाए, तो हर साल 80–100 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी बच सकता है। गन्ना और चावल जैसी पानी-खपत वाली फसलों की जगह मोटे अनाज (millets) को बढ़ावा देना जरूरी है।

**शहरी योजना में:-** नगर निगमों को हर नई बिल्डिंग में वर्षा जल संचयन अनिवार्य करना चाहिए। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स के जरिए 30% शहरी जल रिसाइकल किया जा सकता है।

**नीति स्तर पर:-** भूजल के अनियंत्रित खनन पर सख्त नियंत्रण। पानी का मूल्य निर्धारण ईमानदारी से ताकि लोग इसका मूल्य समझें।

**5. भविष्य की चेतावनी-** अगर मौजूदा हालात बने रहे, तो 2030 तक भारत में जल की मांग उपलब्धता से 1.6 गुना ज्यादा हो जाएगी, जिससे 40 करोड़ लोग सीधे प्रभावित होंगे।

आज 28 मई 2025 को यह सवाल हर भारतीय के सामने है — क्या हम अपनी जिम्मेदारी समझते हैं? पानी बचाना सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं, हम सभी की जिम्मेदारी है। छोटे-छोटे कदम मिलकर बड़े बदलाव ला सकते हैं — एक बाल्टी कम इस्तेमाल करना, वर्षा जल संग्रहीत करना, बच्चों को पानी की कद्र सिखाना। अगर आज कदम नहीं उठाए, तो कल हमारे पास सिर्फ सूखी ज़मीन और सूखी आँखें बचेंगी।

---

## सनावद पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े दो गोवंश वाहन,पंजाब से कर्नाटक की ओर जा रहे थे गौवंश,2 आयशर वाहन में 23 गोवंश को गौशाला में छोड़ा,4 आरोपियों को लिया हिरासत में,परिवहन में उपयोगी वाहन किए जब्त, विहिप बजरंग दल ने कठोर कार्रवाई की मांग की

आशीष शर्मा




सनावद-हाईवे पर गोवंश की तस्करी की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। पुलिस और विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ता इस पर नजर बनाए हुए थे। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने कार्रवाई की। दो वाहनों में क्रूरतापूर्वक भरे गोवंश के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया। एसडीओपी अर्चना रावत व थाना प्रभारी रामेश्वर ठाकुर ने बताया रविवार रात इंदौर-इच्छापुर रोड पर थाने के सामने वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक मिनी ट्रक (एचआर58डी-3067) को रोका गया। इसमें दो व्यक्ति जितेंद्र सोरणराम निवासी घीड थाना कुंजपुरा, जिला करनाल, हरियाणा और हरीश पिता छोटे उर्फ जाहिद निवासी सराय बेहलीम, थाना सिटी कोतवाली, जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश बैठे थे। वाहन की जांच में पीछे डाला लगाकर लोहे के पटिए व ऊपर तिरपाल बंधी मिली। हटाने पर वाहन में 18 गोवंश क्रूरतापूर्वक भरे मिले। दोनों आरोपियों के पास न तो वैध दस्तावेज थे, न ही कोई संतोषजनक जवाब मिला। पुलिस ने वाहन व गोवंश जब्त कर मामला दर्ज किया। कुछ देर बाद एक अन्य मिनी ट्रक (पीबी 11डीए-2912) को रोका गया। इसमें अमरीक सिंह हरभजन सिंह निवासी छजू माजरी थाना फोकल प्वाइंट, जिला पटियाला पंजाब और मोहम्मद एहसान पिता मुस्तफा पठान निवासी दधेरु खुर्द,थाना चरथावल, जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश बैठे थे। वाहन की जांच में लकड़ी के पटिए व तिरपाल के नीचे 9 गोवंश भरे मिले। इनके पास भी कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। पुलिस ने दोनों वाहनों से 27 गोवंश मुक्त कराए। इनकी कीमत 14 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई। दोनों वाहन भी जब्त किए गए, जिनकी कुल कीमत 24 लाख रुपए है। कार्रवाई में एसआई बहादुर सिंह रावत, एएसआई संदीप कुशवाह, नवनीत चतुर्वेदी, आरक्षक अरविंद, विनोद गौड़, सैनिक लखन चौहान सहित अन्य का योगदान रहा। घटना की जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। रात 2 बजे दोनों वाहन पकड़े गए। इनमें गोवंश को ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। एक गाय की मौत हो गई। कार्यकर्ताओं ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई और जब्त वाहनों को राजसात करने की मांग की। मुक्त कराए गोवंश को राहटकोट मोगावां स्थित श्री संत सिंगाजी गोशाला में छोड़ा गया।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, बुधवार 28 मई 2025

# शिक्षकों के स्थानांतरण पत्र में नया मोड़

## कांग्रेस विधायक ने बताया आपसी खींचतान

### जतारा विधायक के वायरल पत्र का मामला

विधायक हरिशंकर खटीक ने लिखा स्कूल शिक्षा मंत्री को पत्र, वायरल लेटरपेड को बताया फर्जी। पुलिस में शिकायत कर करेगें षडयंत्रकारियों का पर्दाफाश।

टीकमगढ़। जैसे ही सरकार ने ट्रांसफर पॉलिसी लागू की, वैसे ही अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने-अपने ट्रांसफर कराने के लिये आवेदन किए है। लेकिन इसके अलावा भी राजनेताओं के द्वारा अपने पसंद और नापसंद लोगो को इधर से उधर करने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिसको लेकर जतारा विधायक हरिशंकर खटीक का एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हों रहा है। जिसमे करीब 18 शिक्षकों के नाम लिखे हुए है। जिसमे कुछ शिक्षकों की जिले से बाहर ट्रांसफर की अनुशंसा की गई है। जिसके बाद से जिले से बाहर की गई अनुशंसा बाले शिक्षकों में पत्र वायरल होते ही उदासी का माहौल बन गया। साथ ही इस पत्र के बाद से जतारा विधायक का दूसरीं विधानसभा टीकमगढ में हस्तक्षेप करने का राजनैतिक गलियारों में बाजार गर्म है। क्योंकि पत्र में कुछ भाजपा समर्थित नेताओ के परिजन शिक्षकों के भी नाम शामिल है। जैसे ही यह पत्र शोसल मीडिया पर वायरल हुआ तो जतारा विधायक





हरिशंकर खटीक
विधायक
44 विधान सभा क्षेत्र जतारा, जिला टीकमगढ़
क्रमांक: MLA/JTR/2025/170 दिनांक: 26-5-25

प्रति,
माननीय श्री राव उदय प्रताप सिंह जी
मंत्री महोदय स्कूल शिक्षा विभाग
म.प्र. शासन भोपाल

विषय – जिले से षडयंत्र पूर्वक बनाई गई लिस्ट के शिक्षकों के स्थानांतरण न किये जाने बावत्।

महोदय जी,

विषयान्तर्गत अनुरोध है कि निम्नलिखित इन अट्ठारह शिक्षकों के स्थानांतरण करने मेरे पुराने लेटर हेड का ... प्रिंट आउट निकालकर अट्ठारह निष्ठावान कर्मचारियों के षडयंत्र पूर्वक स्थानांतरण करने हेतु मेरे किसी विरोधी ने ... हमारे हस्ताक्षर ... कॉपी पेस्ट कर ... डाल दिये है।

कृपया अनुरोध है कि इन कर्मचारियों (शिक्षकों) का जो फर्जीवाड़ा कर संबंधित शिक्षकों के षडयंत्रकारियों ने स्थानांतरण करने हेतु अनुशंसा की है अगर यह लिस्ट आपके कार्यालय में या लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल में किसी ने जमा की हो तो यह निरस्त करें एवं किसी भी इस लिस्ट के स्थानांतरण न किये जावे।

सादर,
भवदीय
हरिशंकर खटीक
(विधायक)

हरिशंकर खटीक ने अपनी सफाई में एक पत्र स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को जारी किया है। जिसमें उन्होंने कहा कि यह उनके पुराने लेटरपेड का किसी ने दुरपयोग कर निष्ठावान अटठारह शिक्षकों को स्थानांतरण करने का षडयंत्रपूर्वक पत्र जारी किया है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि अगर यह लिस्ट आपके कार्यालय एवं शिक्षा विभाग में भेजी गई है तो उसे निरस्त किया जाएं। साथ ही लिस्ट में भेजे गए शिक्षकों के स्थानांतरण नही किए जाए। वही अगर बात की जाए इस पत्र के वायरल होने की तो करीब तीन दिन बीत चुके है, जबसे यह पत्र शोसल मीडिया पर वायरल हो रहा है, लेकिन इस मामलें में अभी तक पुलिस विभाग में फर्जीवाडा करने बाले व्यक्ति के खिलाफ अभी तक कोई शिकायत दर्ज नही कराई गई है। जिससे फर्जीवाडा एवं षडयंत्र करने बाले व्यक्तियों पर लगाम लग सके। वही शहर के लोगों के बीच एक और चर्चा जोरों पर है कि यह तो सही रहा कि पत्र वायरल हो गया, न जाने और ऐसे कितने पत्र होंगे जो वायरल नही हुए है। जिनके आधार पर कितने विभागों में ट्रांसफ र का भय दिखाकर अधिकारियों-कर्मचारियों से ठगी की गई होगी। और कितने लोग अभी इन ऐसे लेटरपेडों का शिकार होने से रह गए है। अब देखना होगा कि विधायक इस पत्र को फर्जी और षडयंत्रकारियों की साजिश बताकर इन विरोधियों पर क्या कार्रवाई करवाते है यह जनता देखना चाहती है। और विधायक को भी इस साजिश का पर्दाफाश करना चाहिऐं कि आखिर कौन लोग है जो विधायक की छवि को खराब करना चाहते है और विधायक के लेटरपेड पर फर्जीवाडा कर ठगी का कार्य कर है।

#### इनका कहना है-

इस संबध में जब टीकमगढ भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस संबध में जतारा विधायक और संगठन में बात की जाऐगी। और पता किया जाऐगा कि आखिर यह गलती किसने की है। फिलहाल जतारा विधायक का कहना है कि उनका यह लेटरपेड फर्जी बनाया गया है, जिसको लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज की जाऐगी और ऐसा करने बाले व्यक्ति पर कार्रवाई जाऐगी।

#### इनका कहना है-

वही इस संबध में जब टीकमगढ विधायक यादवेन्द्र सिंह बुन्देला से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह भाजपा विधायकों की आपसी खीचतान का परिणाम है। ट्रांसफर सब ऑनलाईन हो रहे है, इस लेटर की विधायक को जांच करवाना चाहिए। और दोषियों पर कार्रवाई करवानी चाहिए।

---

## उज्जैन पुलिस की सक्रियता से टली बड़ी वारदात की संभावना-अवैध हथियार के साथ संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार



उज्जैन । उज्जैन पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में अपराधों की रोकथाम एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु लगातार सक्रिय प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना चिंतामण गणेश पुलिस द्वारा दिनांक 26 मई 25 को शेडो एरिया में चेकिंग के दौरान त्वरित कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को टंकारिया रोड क्षेत्र से पकड़ा गया।

संदिग्ध की तलाशी लेने पर उसके पास से 6 राउंड सहित एक देशी रिवॉल्वर (अनुमानित कीमत 20,000/-) बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम लखन उर्फ लक्की पिता लीलाधर बाथम, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम टंकारिया बताया। आरोपी का कृत्य आर्म्स एक्ट के तहत अपराध की श्रेणी में पाए जाने पर थाना चिंतामण गणेश पर विधिवत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी उनि हेमराज यादव, सउनि राधेश्याम भाबंर, प्रधान आरक्षक 1202 जयप्रकाश पाण्डे, प्रधान आरक्षक 1333 सुनील भदौरिया , प्रधान आरक्षक राजेंद्र, प्रधान आरक्षक मनीष, आरक्षक 889 राजेश केवट, आरक्षक 1004 ऋषिकेष तौमर, आरक्षक 1657 नमन, आरक्षक 223 जीवन, आरक्षक 1798 सावन की सराहनीय भूमिका रही उज्जैन पुलिस आमजन की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी इस प्रकार की सतर्क और प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

## पुलिस अधीक्षक उज्जैन द्वारा आई.बी. अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित

**उज्जैन । पुलिस अधीक्षक उज्जैन द्वारा इंटेलिजेंस ब्यूरो (आई.बी.) के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षकगण, समस्त थाना प्रभारी एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में उज्जैन जिले की संवेदनशीलता और भौगोलिक महत्व को दृष्टिगत रखते हुए बेसिक पुलिसिंग को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए जाने हेतु निम्नांकित दिशा-निर्देश प्रदान किए गए**



#### प्रमुख बिंदु एवं निर्देश

गुंडा/बदमाशों पर सतत निगरानी:

- विशेष रूप से शाम एवं रात्रिकालीन समय में थाना क्षेत्र में पुलिस की प्रभावी उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।
- साप्ताहिक अथवा रैंडम चेकिंग अनिवार्य रूप से की जाए। होटल, लॉज, ढाबा आदि की नियमित जांच
- संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए लगातार निरीक्षण किया जाए।

सिम कार्ड विक्रेताओं की जांच

- सिम बेचने वाले दुकानदारों को थानों में बुलाकर दस्तावेजों का पुनः सत्यापन किया जाए।
- उनके व्यवसायिक क्रियाकलापों की निगरानी की जाए।

संदिग्ध व्यक्तियों की जांच

- विशेष रूप से ऐसे व्यक्ति जो सिमी, पी.एफ.आई. अथवा अन्य संदिग्ध संगठनों से संभावित रूप से जुड़े हों या बाहरी बांग्लादेशी मूल के रहवासी अथवा व्यवसायी हों, उनकी गहन जांच की जाए।
- ई-रक्षक एप के माध्यम से आधार या अन्य वैध पहचान-पत्रों से सत्यापन सुनिश्चित किया जाए।

फर्जी दस्तावेज़ की स्थिति में कार्यवाही

- दस्तावेजों में भिन्न फोटो या जानकारी पाए जाने पर गंभीरता से जांच की जाए।
- संदेहास्पद मामलों में संबंधित व्यक्ति का सी.डी.आर. (Call Detail Record) तलब कर सत्यापन किया जा सकता है।
- धारा 122 जा.फौ. एवं धारा 185 भा.दं.वि. के अंतर्गत की गई पूर्व कार्यवाहियों की समीक्षा कर सुधारात्मक निर्देश दिए गए।

थाना क्षेत्रों में निवासरत बाहरी बांग्लादेशी मूल के नागरिकों की विशेष जांच प्रत्येक थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र में रहने वाले ऐसे नागरिकों की सत्यता की गहनता से जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

सराहनीय कार्य पर प्रोत्साहन

पुलिस अधीक्षक उज्जैन द्वारा प्रभावी एवं प्रशंसनीय कार्य हेतु

- थाना खाराकुआं प्रभारी को 10,000/-
- थाना जीवाजीगंज प्रभारी को 11,000/- प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया।

# जनसुनवाई में सुनी गई 81 आवेदकों की समस्याएं

खरगोन । प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 27 मई को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी एवं डिप्टी कलेक्टर श्री प्रताप कुमार आगास्या ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 81 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए थे।



जनसुनवाई में वार्ड क्रमांक 12 खण्डवा रोड़ खरगोन के 62 वर्षीय सुरेशचंद्र आयुष्मान कार्ड बनवाने व बीपीएल पर्ची में नाम जुड़वाने की मांग लेकर आये थे। उनका कहना था कि आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए संपर्क किया गया। लेकिन आयुष्मान कार्ड नहीं बनाया जा रहा है और न ही आयुष्मान कार्ड बनाने का कारण बताया जा रहा है। सुरेशचंद्र का कहना है कि बीपीएल पर्ची में नाम जुड़ाने के लिए लोक सेवा केन्द्र में संपर्क किया गया। किन्तु लोक सेवा केन्द्र द्वारा आवेदन लेने से मना कर दिया और नाम नहीं जोड़ा जा रहा है। इस संबंधित में सीएमएचओ और एसडीएम खरगोन को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। जनसुनवाई में खरगोन के इमामद्दीन जोए भतीजी जुबेदा पिता फखरूद्दीन का दाखिला दिलाने की मांग लेकर आये थे। उनका कहना था कि जुबेदा को शाासकीय कन्या उर्दू प्राथमिक विद्यालय खरगोन में भर्ती कराया गया था। जहां उसे चौथी कक्षा के बाद शाला त्याद दी थी। अब उसे दाखिले की आवश्यकता है लेकिन कन्या उर्दू प्राथमिक विद्यालय द्वारा दाखिला नहीं दे रहे हैं और पिछले छः माह से दौड़ा रहे है। उनका यह कहना था कि हमारे पास रिकार्ड नहीं है। इस संबंध्ध में डीपीसी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। जनसुनवाई में गोगांवा तहसील के उमरखली निवासी दिनेश पिता सिकदार प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग लेकर आये थे। दिनेश का कहना था कि मैं झोपड़ी में निवास करता हूं। बारिश के दिनों में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। सरपंच व सचिव घर की फोटो खींचकर ले गए हैं लेकिन आवास योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में गोगावां जनपद सीईओ को आवश्यक कार्यवाही के लिए कहा गया है।

## कोरोना काल में रेमेडेसिविर इंजेक्शन को ब्लेक में बेचने वाले फार्मासिस्ट एवं एजेन्ट को 2-2 वर्ष का कारावास एवं 50-50 हजार रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया

**बडवानी। कुछ लोग आपदा में भी अवसर की तलाश करते है। ऐसे लोग लोगो की मजबुरी का फायदा उठा कर उससे लाभ लेते है। हम बात कर रहे पिछले वर्षो में हुयी कोविड महामारी की जिसमें लोगो ने पर्याप्त इंजेक्शन व ईलाज न मिलने के कारण अपनो को खो दिया। ऐसे ही कोविड के समय में निजी अस्पताल व उसके कर्मचारियों के द्वारा रेमेडेसिविर इंजेक्शन को शासन से प्राप्त कर उन्हे दलालो के माध्यम से बाजार में अधिक राशि की लालच में लोगो को बेच कर जरूरतमंद लोगो के साथ विश्वासघात कर शासन को भी गलत जानकारी दी ।**

ऐसे ही एक मामला पिछले कोविड काल में बडवानी में प्रकाश में आया। पुलिस बडवानी को लाकडाउन के दौरान मुखबिर से सुचना मिली कि गुरूपद अस्पताल बडवानी के विनय रजक नाम का लडका गेट के बाहर खडा है और रेमडेसिविर इंजेक्शन, जो कि कोरोना बीमारी के ईलाज के उपयोग में आता है। रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी कर 25 हजार रूपये में बेच रहा है जबकि उसका सरकारी रेट 3 हजार 400 रूपये है ।

उक्त सुचना पर पुलिस के द्वारा आरक्षक प्रीतम को एजेंट बनाकर रूपये 25 हजार रूपये देकर डिलिंग हेतु विनय रजक के पास भेजा । पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर छिपकर जाने पर एजेंट द्वारा संबंधित व्यक्ति से इंजेक्शन का सौदा करने पर संबंधित व्यक्ति विनय रजक से रूपये लेकर गुरूपद अस्पताल के अंदर गया और वहां से वापस लौटकर रेमडेसिविर इंजेक्शन निकालकर एजेंट प्रीतम को देने लगा, तुरंत ही पुलिस द्वारा पकड कर पुछताछ करने पर उसने उक्त रेमडेसिविर इंजेक्शन गुरूपद अस्पताल के मेडिकल स्टोर के फार्मासिस्ट राहुल बडगुर्जर निवासी राजपुर से लाना बताया गया । राहुल से पुछताछ करने पर उसने बताया कि उक्त रेमडेसिविर इंजेक्शन अस्पताल में भर्ती मरीज अखिलेश सोनी के लिये प्राप्त किये थे । प्राप्त 2 रेमडेसिविर इंजेक्शन में से एक रेमडेसिविर इंजेक्शन अखिलेश सोनी को लगाने के बाद उसकी तबियत अधिक खराब होने से उसे ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया था, जिसका एक इंजेक्शन अस्पताल के पास बचा था जिसे आरोपी राहुल ने शासन को पुनः जमा न कर उसे एजेंट विनय रजक के माध्यम से ब्लेक में बेचने का निर्णय लिया था। इसमें 25 हजार रूपये में से 5 हजार रूपये श्री विनय रजक को बतौर कमीशन दिया जाना था। बडवानी पुलिस के द्वारा आरोपीगण विनय रजक तथा राहुल बडगुर्जर निवासी राजपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष चालान पेश किया था ।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बडवानी महेन्द्र कुमार जैन के न्यायालय में प्रकरण का विचारण कर आरोपीगण विनय पिता गोपाल रजक हाल मुकाम सनावद तथा राहुल पिता गोविंद बडगुर्जर निवासी राजपुर को आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 53 में दोषी मानते हुये 2-2 वर्ष के कारावास तथा 50 -50 हजार रूपये के जुर्माना दंडित किया है।

# नौतपा की भीषण गर्मी में जन्म अघोषित बिजली कटौती से जनजीवन अस्तव्यस्त

जीरापुर । जीरापुर में नोतपा की भीषण गर्मी की मार के बीच अघोषित बिजली कटौती होने से आमजन त्रस्त है। भीषण गर्मी में गांवों व कस्बों के साथ ही अब शहरी इलकों में भी बिजली कटौती की जा रही है। क्षेत्र में घंटों अघोषित बिजली कटौती होने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। बिजली कटौती का कोई समय निर्धारित नहीं है। कभी रात तो कभी सुबह तो कभी भरी दोपहरी में घंटों बिजली कटौती की जा रही है। इससे लोग गर्मी से बेहाल हो रहे है।

### न दिन को चैन मिल रहा है और न रात को आराम

दिन-रात के समय बिजली कटौती होने से न दिन को चैन मिल रहा है और न रात को आराम मिल पा रहा है। बिजली कटौती होने पर लोग घरों के बाहर आकर बिजणी लेकर बैठकर हवा करते नजर आते है। रात के सयम बिजली कटौती होने से छोटे बच्चे सबसे ज्यादा बेहाल हो रहे है। जीरापुर बस स्टेड क्षेत्र निवासी पवन गोड ने बताया कि भीषण गर्मी के बीच कई बार अघोषित कटौती कर दी जाती है। इससे लोग गर्मी से बेहाल रहते है। इसके अलावा आए दिन कई सहर में भी अघोषित कटौती की जा रही है। बिजली कंपनी में शिकायत करने पर कोई सुनवाई नहीं होती है। हर बार मेंटेनेंस हो रहा है यह बोलकर नगर की जनता को बेवकूफ बना देते हैं। आज नौतपा के तीसरे दिन भीषण गर्मी की मार रही है इसी का फायदा उठाकर बिजली कंपनी ने अघोषित विद्युत कटौती का जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया।

जिले से एसडीएम की टीम मशीन की रिले चेक करने आई थीं। उनके द्वारा मशीन सुधारने के बाद नगर में विद्युत सप्लाई की गई !



चन्दन सिंह मुस्कारें विद्युत मंडल जे ई जीरापुर

## कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने किया नवागत सीईओ का स्वागत

पिपलौदा। जनपद पंचायत में नवागत प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी सी.एस. वास्कले के पदभार ग्रहण करने पर कर्मचारी संयुक्त मोर्चा तहसील की ओर से पुष्पहार से स्वागत कर अभिनंदन किया। संयुक्त मोर्चा के तहसील अध्यक्ष पवन कुमार पटवा, ब्लॉक अध्यक्ष गणेश मालवीय संयोजक अंबाराम बोस, शासकीय शिक्षक संगठन के जिला अध्यक्ष मोहनसिंह सोलंकी, नितिन दुबे द्वारा पुष्पहार से स्वागत किया गया। स्वागत के प्रत्युत्तर में श्रीवास्कले



ने कहा कि मैं विकासखंड के विकास कार्यों में सभी को सभी का सहयोग करने को तैयार हूं तथा इस विकासखंड को जिले में नंबर वन पर लाना है। इस हेतु सभी का सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। विकासखंड के शिक्षा के क्षेत्र मे और प्रगति लाने हेतु सभी शिक्षकों अधिकारियों एवं कर्मचारी संगठनों का सहयोग अपेक्षित है। तत्पश्चात करमोंत्रत वेतनमान के एरिया भुगतान हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रतलाम के नाम एक ज्ञापन भी दिया गया। इस दौरान एएओ मदनसिंह सिसोदिया, पीसीओ सैयद शराफत अली, बीपीओ भवरलाल मालवीय, एपीओ विकास भूरिया, एएओ विनोद शर्मा, रामकिशन चौहान आदि बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे।

# प्रियांशी स्टूडियो एवं नगर सुरक्षा समिती द्वारा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमति आकांशा बेछोटे का स्वागत किया गया

रंजीत टाइम्स



खाचरोद। महाकाल की नगरी उज्जैन जिले के तहसील खाचरोद में पदस्थ श्री मति आकांशा बेछोटे का स्वागत किया गया जिसमें उपस्थित समस्त पुलिस स्टॉफ श्री थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया सब इंस्पेक्टर मोनिका तिवारी नरेन्द्र सिंह सिसोदिया, प्रकाश डामर, सुशील मिश्रा, पुलिस फोटोग्राफर अनमोल पंवार,थाना संयोजक सुरेन्द्र सिंह चौहान, ईश्वर लाल गोयल , हर्षिता सोनी , मन्नू ईशा पंवार, संजय पोपंडिया वर्षा चौहान, हरीश जोशी , आचार्य अर्पित गुरु , मालवा हेराल्ड खाचरोद संवाददाता मुरलीदास बैरागी, आदी गड़ मौजूद रहे जिसमें अनुविभागीय अधिकारी ने कहा में खाचरोद में घूमी हु यहां मुझे बहुत ही अच्छा लगा , यहां जिस तरह से सांप्रदायिक सामाजिक सदभाव के साथ रहते है ये अपने आप में इक मिसाइल है , हमारी पुलिस का यही प्रयास रहेगा कि अपराधों पर नियंत्रण हो ,हमारी तरफ से दंडात्मक कार्यवाही की इतनी अच्छी होगी, किसी तरह के अपराध होंगे ही ना,ओर अपराधों में हम कमी ला सके साथ ही साथ ये जो सामाजिक सदभाव है आपसी प्रेम है परस्पर सामंजस्य यह हमेशा बना रहे।

# देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर चित्रकला प्रतियोगिता हुआ आयोजन

रंजीत टाइम्स






खरगोन I महाविद्यालय खरगोन में मंगलवार को मराठा साम्राज्य की महान शासिका, लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में इतिहास, संस्कृति एवं कला के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतिभागियों ने देवी अहिल्याबाई के जीवन, सामाजिक कार्यों, न्यायप्रियता, धार्मिक सहिष्णुता तथा उनके द्वारा निर्मित मंदिरों व धर्मशालाओं को अपनी चित्रों के माध्यम से दर्शाया। रंगों और रेखाओं के माध्यम से छात्रों ने अहिल्याबाई के व्यक्तित्व को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शैल जोशी द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में कला विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापकगण सम्मिलित थे। तीन श्रेष्ठ चित्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिए गए। यह प्रतियोगिता न केवल छात्रों की रचनात्मकता को मंच प्रदान करने वाली सिद्ध हुई, बल्कि इतिहास और सांस्कृतिक विरासत के प्रति उनमें सम्मान और रुचि भी उत्पन्न हुई। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक अधिकारी डॉ. सुरेश अवासे एवं प्रो. छीतुसिंह चौहान के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।

# जनअभियान परिषद ने की वटवृक्ष, पीपल, तुलसी माँ की पूजा

## शपथ लेकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

रंजीत टाइम्स

पिपलौदा। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक शिवशंकर शर्मा के मार्गदर्शन में परामर्शदाता कांतिलाल पाटीदार, जगदीश बैरागी, प्रद्युम्न व्यास, अनिल पाटीदार ने सेक्टर मैं वट सावित्री पूजन के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत अलग-अलग सेक्टर में पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता हेतु शपथ का आयोजन किया गया। परामर्शदाता जगदीश बैरागी ने बताया कि वट वृक्ष पर्यावरण संतुलन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं लंबी आयु के साथ ऑक्सीजन और अन्य औषधीय महत्व से भी उनकी महत्ता बढ़ जाती है। परामर्शदाता अनिल पाटीदार द्वारा सेक्टर में चल रहे यज्ञ स्थल पर जाकर यज्ञाचार्यों से मुलाकात की एवं प्राचीन वेदों पुराणों में वर्णित वट सावित्री कथा के महत्व को समझा साथ ही उपस्थित जनसामान्य को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई एवं सभी समीपस्थ पीपल के वृक्ष की पूजन-अर्चन भी करवाई गई।परामर्शदाता कांतिलाल पाटीदार द्वारा सेक्टर में कम्युनिटी लीडर्स सुनीता सोनार्थी एवं




अन्य ग्रामीण महिलाओं के साथ मिलकर वट सावित्री पूजन में सहभागिता की।

इस अवसर पर कांतिलाल पाटीदार द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं उसके तरीकों पर चर्चा करते हुए बरगद ,पीपल, तुलसी और अन्य पेड़-पौधों के महत्व के बारे में बताया तथा प्राचीन काल से चली आ रही इनके संरक्षण की परंपरा को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से मानवजाति के लाभ हेतु अपनाने पर जोर दिया।

परामर्शदाता प्रद्युम्न व्यास ने बताया कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा वृहद रूप से पर्यावरण एवं जल संरक्षण हेतु सामूहिक प्रयास किया जा रहे हैं इसी तारतम्य में वृक्षों के संरक्षण एवं महत्ता को जनमानस तक पहुँचाने हेतु वट सावित्री पूजन जैसे कार्यक्रम विलुप्त हो रहे वनों को बचाने में कारगर साबित होंगे। इस अवसर पर प्रत्येक क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में 146 आवेदन प्राप्त

रंजीत टाइम्स





शाजापुर I मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आज संपन्न हुई जनसुनवाई में 146 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री बीएस सोलंकी, जिला पंचायत सीईओ श्री संतोष टैगोर, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री मनीषा वास्कले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में आए आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया।

# नई बिल्डीग एम वाय अस्पताल के सुपरस्पेशलिटी ओपीडी मे हुआ नऐ सर्जीकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग का शुभारंभ



**इंदौर। महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सालय महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ अरविंद घंघोरिया ने आज मंगलवार को एमजीएम मेडिकल कॉलेज से संबंधित नई बिल्डीग एम वाय अस्पताल के सुपरस्पेशलिटी ओपीडी मे नऐ सर्जीकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग का शुभारंभ किया। अब एमजीएम मेडिकल कॉलेज से संबंधित सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भविष्य में लिवर ट्रांसप्लांट जैसी सर्जरी भी संभव हो पाएगी।**

एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर अरविंद घंघोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर वासियों के साथ ही मालवा निवास के लोगों के लिए एक बहुत ही अच्छी खबर है एमवाय की सुपर स्पेशलिटी ओपीडी में अब लीवर गैस्ट्रोएंटरोलॉजी की ओपीडी शुरू हो गई है और वर्तमान में प्रदेश के किसी भी शासकीय मेडिकल कॉलेज में गैस्ट्रोलॉजी के सर्जन नहीं है किंतु अब एम वाय की सुपर स्पेशलिटी ओपीडी में डॉक्टर कृपा शंकर तिवारी जिन्होंने अभी ज्वाइन किया है वह अपनी सेवाएं देंगे। उल्लेखनीय है कि डॉक्टर तिवारी गैस्ट्रोलॉजी सर्जन और लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी में माहरत रखते हैं इसके साथ ही वह मिनिमल इनवेसिव , लेप्रोस्कोपिक जी आई , ऑकोलॉजी और बरिएट्रिक सर्जरी के भी विशेषज्ञ हैं। डीन डा घंघोरिया ने कहा की अब हमारे यहा मुफ्त या बहुत ही कम शुल्क मे लिवर ट्रांसप्लांट, पैनक्रियाटिक सर्जरी, आतो के कैंसर आदि की सर्जरी की सुविधा भी मिल सकेगी और इसके लिऐ गरीब मरीजों को बाहर जाने की जरुरत नही पडेगी। उन्होने यह भी कहा की हमे एम वाय अस्पताल को प्रदेश का अव्वल एवं देश में सबसे बेहतरीन अस्पताल बनना है जहा गरीब वांछित पिछडो को सबसे बेहतर ईलाज के साथ सरकार द्वारा जनहित एवं जन कल्याणकारी योजनाओं , सुविधाओं का लाभ भी मिल सके। इस कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के डीन डा घंघोरिया एमवाय अस्पताल के सुपरीटेंडेंट डा अशोक यादव, उप अधिक्षक डा जे के वर्मा, डा अरविंद शुक्ला, डा सचिन शिंदे ,डा नविन गुप्ता , मिडिया प्रभारी डा मनिष गोयल ऐवम समस्त एम वाय अस्पताल का स्टाफ उपस्थित थे।

# शासकीय विधि महाविद्यालय, खरगोन में जनभागीदारी समिति की बैठक सम्पन्न

खरगोन। विधि महाविद्यालय के नवीन भवन में महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की बैठक दिनांक 26 मई को सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री बी.एस. कलेश द्वारा की गई। बैठक में महाविद्यालय की प्राचार्य एवं जनभागीदारी समिति की सचिव डॉ. शैल जोशी, सांसद प्रतिनिधी अधिवक्ता श्री विकास बार्चे , जिला कोषालय अधिकारी श्रीमति हेमलता शर्मा, कार्यपालन यंत्री पी.आई.यू. श्री पवन डावर, विधि विभागाध्यक्ष श्री चन्द्रभान त्रिवेदी, डॉ. दिग्विजय सिंह मंडलोई सहायक प्राध्यापक विधि, श्री गोविन्द यादव ग्रंथपाल, डॉ. विपिन सोनी अतिथि विद्वान विधि श्री निशान्त दुबे अतिथि विद्वान विधि उपस्थित हुए।

बैठक में प्राचार्य डॉ. शैल जोशी ने विधि महाविद्यालय में दो नवीन पाठ्यक्रम बीए एलएलबी और एल एल. एम आरम्भ किये जाने एवं विश्वविद्यालय और बीसीआई से मान्यता लिये जाने संबंधी प्रस्ताव, लिपिक एवं भृत्य की व्यवस्था का प्रस्ताव विद्यार्थियों के लिये स्मार्ट आई डी कार्ड, गैर शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के लिये प्रमाण पत्र, प्राविण्य सूचि में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए मेडल एवं शील्ड की व्यवस्था का प्रस्ताव महाविद्यालय में खेल मैदान के समतलीकरण, वृक्षारोपण, कार्यालय में सेक्शन निर्माण आदि के प्रस्ताव बैठक में रखे। इन प्रस्तावों का विस्तृत ब्योरा वित्तिय भार सहित अध्यक्ष एवं सदस्यों के समक्ष विधि विभागाध्यक्ष श्री चन्द्रभान त्रिवेदी ने प्रस्तुत किया। सभी प्रस्तावों को परीक्षण के बाद समिति ने सर्वसहमति से स्वीकार किया। समिति के अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खरगोन श्री बी.एस. कलेश ने प्रत्येक प्रस्तावों पर प्राचार्य डॉ. शैल जोशी से विस्तृत चर्चा की एवं प्रस्तावों को मंजूरी दी। महाविद्यालय की प्राचार्य एवं जनभागीदारी समिति की सचिव डॉ. शैल जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में लिये गए सभी निर्णय ऐतिहासिक है एवं खरगोन जिले में विधि के क्षेत्र में क्रांति लाने वाले है। खरगोन एवं आसपास के जिलों के विद्यार्थियों को विधि के क्षेत्र में किसी कोर्स के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना होगा। विदित हो कि पिछले वर्ष अक्टुबर माह में भी प्राचार्य डॉ. शैल जोशी के मार्गदर्शन में समिति की बैठक आयोजित करवाई गई थी। जिसमें महाविद्यालय में मूट कोर्ट का निर्माण सीसीटीवी कैमरे लगवाने आदि कार्य स्वीकृत किये गए थे जो पूर्ण किये जा चुके है।



# आदीवासी कोम के बिरसा मुंडा और दिवाली बेन भील का सम्मान सनातन संस्कृति का सम्मान - हार्दिक हुंडीया

**मुंबई। जन्म से जैन पर सनातन धर्म में समभाव रखने वाले हार्दिक हुंडिया ने आदिवासी जाती के लिए हमेंशा सकारात्मक सोच के साथ कार्य किया है। क्योंकि वे मानते हैं वे पहले एक हीन्दुस्तानी है फिर जैन है। सनातन धर्म समभाव ही उनका मूलमंत्र है। आदीवासी कोम के दो अनमोल मोती कहे जाने वाले महानुभाव में स्वंतत्रता सेनानी श्री बिरसा मुंडा इतिहास के पन्नों पर अमर हो गये। और पद्मश्री आदरणीय दिवाली बेन भील ने अपनी सुरीली आवाज़, सादगी और संस्कृति को सर पर पल्लू के रूप में कायम रखकर अपने लोकगीतो के माध्यम से वे विश्व प्रसिद्ध हुई।**





यह एक संजोग है की हीरा माणेक ग्रुप के संस्थापक हार्दिक हुंडिया जी के हाथों से इन दोनों परम आदरणीय विभूति का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ है बिरसा मुंडा एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति के लोक नायक थे। उन्होंने ब्रिटिश राज के दौरान 19वीं शताब्दी के अंत में बंगाल प्रेसीडेंसी (अब झारखंड) में हुए एक आदिवासी धार्मिक सहस्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया, जिससे वह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति बन गए। उनके जीवन पर से आधारित फिल्म बिरसा मुंडा के उद्घाटन के अवसर पर हार्दिक हुंडीया जी खास झारखंड गये थे। फिल्म के ओपनिंग के बाद वे वंहा के बिरसा मुंडा परिवार के लोगों के साथ मिले, और महान स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा को याद किया।

आदरणीय पद्मश्री दिवाली बेन भील जो गुजरात का गीत गुंजन थी, गुजरात की कोकिल कंठी, गुजरात का अनमोल अलंकार ऐसे अनेक उपनाम जिनके नाम के सामने छोटे हैं। उनको दस साल पहले हार्दिक जी हुंडिया उनके गाये हुवे लोकगीतों से प्रेरित होकर जुनागढ़ जाकर उनका मातृ सम्मान कीया। उनके पैर दुध से पखालकर उनको सम्मानित करने कि सौभाग्य प्राप्त हुआ।उस समय जीवन में आखरी बार मारे टोडले बैठो मोर..... गाना उन्होंने गाया था। तब हार्दिक हुंडिया जी ने कहा था की आदरणीय दिवाली बेन भील में उनको माँ शबरी के दर्शन हुए हैं। उसी समय मन में उन्होंने आदरणीय दिवाली बेन भील की प्रतिमा स्थापित करने का संकल्प लिया था। और वो घड़ी आ गई है , दिनांक २ जुन के दिन जुनागढ़ म्युनिसिपल कोर्पोरेशन को हीरा माणेक ग्रुप हार्दिक जी हुंडिया के नेतृत्व में आदरणीय पद्मश्री दिवाली बेन भील की प्रतिमा जुनागढ़ उनकी कर्मभूमि में स्थापित करने के लिए प्रदान कर रहे हैं। अपने आदर्श और लोकगीत से आमरण रहेंने वाली माँ शबरी समान दिवाली बेन की प्रतिमा जुनागढ़ के बस स्टेशन डेपो चोक में स्थापित होगी। उस चोक का नाम पद्मश्री दिवाली बेन भील चोक दिया जायेगा। सर्व धर्म समभाव के मार्ग पर अग्रसर हार्दिक हुंडीया जी का आदीवासी कोम के लिए किये गये कार्य से संसार में आदिवासी कोम की उपलब्धि की नोंध ली जायेगी।